moneywise. be wise.

## दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (कृषि) 19 फरवरी 2024

### मसाले

| कमोडिटी | एक्सपायरी | स्टॉपलॉस 2 | स्टॉपलॉस 1 | मध्य | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 2 | रूझान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धनिया (अप्रैल) | 19-अप्रैल-24 | 7528.67 | 7575.33 | 7606.67 | 7653.33 | 7684.67 | साइडवेज |
| धनिया (मई) | 19-मई-24 | 7688.00 | 7696.00 | 7688.00 | 7696.00 | 7688.00 | मंदी |
| जीरा (मार्च) | 20-मार्च-24 | 24186.67 | 24268.33 | 24381.67 | 24463.33 | 24576.67 | तेजी |
| जीरा (अप्रैल) | 19-अप्रैल-24 | 23986.67 | 24168.33 | 24181.67 | 24363.33 | 24376.67 | तेजी |
| हल्दी (अप्रैल) | 19-अप्रैल-24 | 14799.33 | 14994.67 | 15307.33 | 15502.67 | 15815.33 | मंदी |
| हल्दी (जून) | 20-जून-24 | 15200.67 | 15365.33 | 15588.67 | 15753.33 | 15976.67 | मंदी |

### तिलहन एवं खाद्य तेल

| कमोडिटी | एक्सपायरी | स्टॉपलॉस 2 | स्टॉपलॉस 1 | मध्य | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 2 | रूझान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कैस्टरसीड (फरवरी) | 20-फरवरी-24 | 5835.00 | 5852.00 | 5877.00 | 5894.00 | 5919.00 | मंदी |
| कैस्टरसीड (मार्च) | 19-मार्च-24 | 5611.33 | 5624.67 | 5636.33 | 5649.67 | 5661.33 | साइडवेज |

### अन्य कमोडिटी

| कमोडिटी | एक्सपायरी | स्टॉपलॉस 2 | स्टॉपलॉस 1 | मध्य | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 2 | रूझान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कपास (अप्रैल-24) | 30-अप्रैल-24 | 1533.17 | 1549.33 | 1559.17 | 1575.33 | 1585.17 | साइडवेज |
| कोकूड (फरवरी) | 20-फरवरी-24 | 2496.67 | 2528.33 | 2561.67 | 2593.33 | 2626.67 | तेजी |
| कोकूड (मार्च) | 19-मार्च-24 | 2507.00 | 2560.00 | 2590.00 | 2643.00 | 2673.00 | तेजी |
| ग्वारसीड (फरवरी) | 20-फरवरी-24 | 5281.33 | 5292.67 | 5306.33 | 5317.67 | 5331.33 | मंदी |
| ग्वारसीड (मार्च) | 20-मार्च-24 | 5275.00 | 5320.00 | 5349.00 | 5394.00 | 5423.00 | साइडवेज |
| ग्वारगम (फरवरी) | 20-फरवरी-24 | 9983.67 | 10135.33 | 10362.67 | 10514.33 | 10741.67 | मंदी |
| ग्वारगम (मार्च) | 20-मार्च-24 | 10173.00 | 10285.00 | 10354.00 | 10466.00 | 10535.00 | तेजी |
| मेंथा ऑयल( फरवरी) | 29-फरवरी-24 | 895.90 | 898.50 | 900.70 | 903.30 | 905.50 | तेजी |
| मेंथा ऑयल( मार्च) | 30-मार्च-24 | 905.67 | 909.33 | 912.17 | 915.83 | 918.67 | साइडवेज |

**One has to follow the trend and see the price only at closing. This is not for Intra day trading.

# कृषि कमोडिटीज आउटलुक

## मसाले

तेलंगाना और महाराष्ट्र में कटाई गतिविधियों में प्रगति के साथ हल्दी की कीमतों में साइडवेज कारोबार होने की उम्मीद है। आवक बढ़ी है लेकिन तेलंगाना में फसल में देरी के कारण पिछले साल की तुलना में अभी भी कम है। फरवरी, 2024 के पहले 15 दिनों में बाजार में पिछले वर्ष की 13285 टन हल्दी की तुलना में लगभग 9991 टन की आवक हुई। कटाई गतिविधियों में प्रगति के साथ आवक में और सुधार होने की उम्मीद है। बाजार में स्टॉक कम होने और त्योहारी मांग बढ़ने की उम्मीद के कारण हल्दी में गिरावट सीमित रहने की संभावना है। कमजोर उत्पादन अनुमान से कीमतों में गिरावट पर अंकुश लगने की संभावना है। **हल्दी ( अप्रैल ) वायदा की कीमतें निकट भविष्य में 14200-15800 के दायरे में करोबार कर सकती है।**

अधिक उत्पादन अनुमान के बीच बिकवाली के दबाव के कारण जीरा वायदा की कीमतों में गिरावट जारी रहने की संभावना है। घरेलू खरीदारी में कमी के कारण उंझा बाजार में हाजिर कीमतों में भी 8.7% की गिरावट हुई है, लेकिन अभी भी वायदा कीमतों पर लगभग 4500 का प्रीमियम चल रहा है, जिससे वायदा बाजार में शॉर्ट कवरिंग होगी क्योंकि वायदा कीमतें हाजिर बाजार से ऊपर कारोबार करने की प्रवृत्ति रखती हैं। लेकिन, कीमतों में हाल ही में गिरावट के कारण निर्यात पूछताछ में सुधार हुआ है, जिससे निकट अवधि में कीमतों में अधिक गिरावट पर अंकुश लगने की संभावना है। मार्च में कटाई गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है जिससे आपूर्ति में वृद्धि होगी। बाजार वर्ष 2024-25 में जीरा निर्यात बढ़कर 2.2-2.5 लाख टन तक पहुंच सकता है । **जीरा की कीमतें 21250-32000 के दायरे में कारोबार कर सकती है।**

बाजार में भारी कैरी फॉरवर्ड स्टॉक के कारण धनिया की कीमतों में गिरावट हुई। लेकिन, भारत में कमजोर उत्पादन अनुमान के कारण गिरावट सीमित होने की संभावना है। त्योहारी खरीदारी में सुधार और मजबूत निर्यात से निकट भविष्य में कीमतें स्थिर रहने की संभावना है। भारत ने नवंबर-23 में पिछले वर्ष के 2.4 टन की तुलना में लगभग 3.05 हजार टन धनिया का निर्यात किया, जबकि अप्रैल-23-नवंबर-23 के दौरान कुल निर्यात पिछले वर्ष के 21.3 हजार टन के मुकाबले 73.18 हजार टन दर्ज किया गया, जो कि साल-दर-साल 243% अधिक है। कमजोर उत्पादन अनुमान कीमतों में हर गिरावट के साथ स्टॉकिस्टों को आक्रामक खरीदारी के लिए आकर्षित करेगा। **धनिया की कीमतें 7200-7800 के दायरे में रहने की संभावना है।**

## अन्य कमोडिटीज

आईसीई में कॉटन की कीमतों में तेजी के रूझान पर घरेलू कपास की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना है। आपूर्ति में कमी के कारण आईसीई कॉटन में तेजी से वृद्धि हुई। भारत में कम उत्पादन के कारण भी कीमतों करे मदद मिलने की संभावना है। आने वाले हफ्तों में आवक की गति धीमी होगी क्योंकि अक्टूबर-23 से अब तक लगभग 50% फसल बाजार में आ चुकी है। 1 फरवरी 23 तक कुल आवक 147 लाख गांठ हुई है। आवक की गति अब तक पिछले वर्ष के समान ही रही है, लेकिन वर्ष 2023-24 में कमजोर उत्पादन अनुमान के कारण धीमी होने की संभावना है। कपास का रकबा कम होने के कारण बाजार वर्ष 2023-24 में कपास उत्पादन में साल-दर-साल 2% की गिरावट होने की संभावना है। वर्ष 2023-24 में कपास का उत्पादन पिछले 15 वर्षों में सबसे कम होने का अनुमान है जो आपूर्ति की कमी के रूप में प्रतिबिंबित होगा। **एमसीएक्स पर कॉटन की कीमतों के 59000-61000 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है, जबकि कपास ( अप्रैल 24 ) वायदा की कीमतों के 1480-1550 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।**

मांग संबंधी चिंताओं के कारण ग्वारसीड वायदा कीमतों में गिरावट की संभावना है। कम पेराई मार्जिन से मिलों को थोक खरीद से दूर रहने की संभावना है जिससे कीमतों पर दबाव पड़ सकता है। वर्ष 2023-24 में ग्वारसीड का कुल उत्पादन साल-दर-साल 11% -13% कम हो गया है। उत्पादन में इस कमी के परिणामस्वरूप मिल मालिकों के पास भंडार का स्तर कम हो गया है। लेकिन ग्वारमील के सुस्त निर्यात की रिपोर्ट से कीमतों में बढ़त सीमित रहने की संभावना है क्योंकि भारत से ग्वार मील निर्यात नवंबर-22 में साल-दर-साल 53% कम हो गया, जबकि ग्वारगम निर्यात नवंबर-23 में साल-दर-साल 21% कम होकर 14.93 हजार टन हो गया। भारत ने ग्वारमील और ग्वारगम के रूप में लगभग 65.03 हजार टन ग्वार निर्यात किया है, जो कि साल-दर-साल 9% कम है। **ग्वारसीड की कीमतों को 5150 रू पर सपोर्ट मिल सकता है जबकि 5600 पर रेजिस्टेंस रह सकता है जबकि ग्वारगम की कीमतों के 9600-10600 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।**

घरेलू बाजार में खरीदारी में कमी के कारण मेंथा ऑयल की कीमतों में गिरावट की संभावना है। मेन्थॉल और मेंथा ऑयल के निर्यात में गिरावट की रिपोर्ट से कीमतों में और गिरावट आएगी। अप्रैल 2023 से अक्टूबर 2023 की अवधि के दौरान भारत से मेन्थॉल और मेंथा ऑयल का निर्यात क्रमशः साल-दर-साल 15.9% कम होकर 7.3 हजार टन और साल-दर-साल 19% कम होकर 1.06 हजार टन हुआ है। लेकिन आपूर्ति में कमी और गिरावट की उम्मीद है। मेंथा के कम रकबे से गिरावट पर लगाम लगने की संभावना है। **मेंथा ऑयल की कीमतें 920 पर मजबूत रेजिस्टेंस के साथ 890 रू पर सपोर्ट ले सकती है।**

बाजार में आपूर्ति कम होने के कारण अरंडी की कीमतों में बढ़ोतरी की उम्मीद है। लेकिन अरंडी के तेल, अरंडीकेक की निर्यात मांग कम होने के कारण कीमतों में बढ़त सीमित होने की संभावना है, जिससे आने वाले दिनों में पेराई गतिविधियां धीमी रहेंगी और इसका प्रभाव अरंडी की कीमतों पर दिखने की संभावना है। **अरंडी वायदा की कीमतों के 5500-5900 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।**

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।